WWL/CS/2020/138

Date: 05th September, 2020

To,
The Manager,
Listing Compliance Department
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex,
Bandra East, Mumbai - 400051

Symbol: **WEWIN**

Sub: - Newspaper Advertisement for Book Closure and Notice of Annual General Meeting.

Dear Sir/Madam,

We enclose herewith copy of Newspaper Advertisement for Book Closure and Notice of 13th Annual General Meeting published on 04th September 2020 (Evening edition) and 05th September 2020.

Kindly take the same on your records.

WE WIN LIMITED ★ BHOPAL ★

Thanking you,
Yours faithfully,

For We Win Limited
(Formerly Surevin BPO Services Limited)

Ashish Soni
Company Secretary & Compliance Officer

Encl: As above

We Win Limited
(Formerly Surevin BPO Services Ltd.)
(CIN: L74999MP2007PLC019623)

206-207, 2nd Floor, Corportate Zone C-21 Mall,
Hoshangabad Road, Misrod,
Bhopal - 462047, Madhya Pradesh, India

बिना पूर्व सूचना दिए अतिक्रमण हटाने से नाराज

व्यापारियों ने बंद रखा बाजार

सच संवाददाता ॥ विदिशा

नगरपालिका और जिला प्रशासन द्वारा इन दिनों संयुक्त रूप से चलाई जा रही अतिक्रमण विरोधी मुहिम के तहत कल दोपहर प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों का अमला बड़ा बाजार इलाके में पहुंचा। होटल संचालक दिनेश पाल चंदेल और सुरेश रैकवार की होटलों के बाहर नाली के ऊपर बनाए गए पक्के चबूतरों को तोड़ दिया गया। इसके बाद व्यापारियों ने अपरान्ह 3 से शाम 5 बजे तक पूरा बड़ा बाजार बंद करवा दिया। 2 घंटे बाजार बंद रहा। इस दौरान तहसीलदार और व्यापारियों के बीच जमकर कहासुनी और बहसबाजी भी हुई। व्यापारियों का कहना था कि तोड़फोड़ करने से पहले उन्हें ना तो पूर्व सूचना दी गई और ना ही लिखित में कोई नोटिस दिया गया। यदि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करनी ही थी तो व्यापारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच एक मीटिंग कर पहले पूरा रोड मैप बनाना था। इसके बाद ही कार्रवाई करना था।

वहीं तहसीलदार का कहना था कि नगरपालिका के अधिकारियों ने ही उनसे कहा था कि नाली पर पक्के चबूतरे बने हैं, इसलिए सफाई नहीं हो पाती है। इसी कारण उन्होंने कार्रवाई की। सूचना मिलने पर विदिशा व्यापार महासंघ के महामंत्री बेतन बलेचा, राजीव पीतलिया, नरेंद्र सोनी, नीरज चौरसिया आदि अनेक व्यापारी मौके पर पहुंच गए और प्रशासन की कार्रवाई का विरोध किया। इस पर तहसीलदार ने शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले व्यापारियों पर कार्रवाई की मांग को एक पंचनामा बनाया और एसपी विनायक वर्मा को सौंपा।

इस मामले में तहसीलदार सरोज अग्निवंशी ने कहा कि नगरपालिका अधिकारियों ने उनसे कहा था कि मेन मार्केट में अतिक्रमण के कारण नालियों की सफाई नहीं हो पा रही है। जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की लेकिन व्यापारियों ने महिला तहसीलदार के साथ भी अभद्र व्यवहार किया। बिना वजह बहसबाजी शुरू की। शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई। इस कारण मौके पर ही एक पंचनामा बनाकर दोषी दुकानदारों पर कार्रवाई के लिए एसपी को दिया है।

12 सिंचाई परियोजनाएं पूर्ण

राजगढ़। जिले की 12 सिंचाई परियोजनाये पूर्ण हो चुकी हैं, इससे जिले में 2495 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई क्षमता निर्मित की गई है। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग राजगढ़ से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में वित्तिय वर्ष 2019-20 के अन्तर्गत 12 सिंचाई परियोजनाएँ पूर्ण हो चुकी है। इससे क्षेत्र में 2495 हेक्टेयर में अतिरिक्त सिंचाई क्षमता निर्मित की गई है।उन्होने बताया कि विकासखण्ड राजगढ़ के अन्तर्गत 504.96 लाख रूपये की लागत से बालदिया तालाब का कार्य पूर्ण कर 180 हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता रूपाकित की गई है। इसी प्रकार 1443.38 लाख रूपये की लागत से रतनपुरिया तालाब पूर्ण कर 470 हेक्टेयर में 489.81 लाख रूपये की लागत से खोखरिया तालाब पूर्ण कर 180हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता रूपांकित की गई है। इसी प्रकार विकासखण्ड खिलचीपुर में 1135.24 लाख रूपये की लागत से निर्मित ढ़ाबली कलां तलाब पूर्ण कर 360 हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता, 438.23 लाख रूपये की लागत से निर्मित झरनिया तालाब से 175 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता, 443.36 लाख रूपये की लागत से निर्मित खण्डारवे तालाब से 200 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता, 132.50 लाख रूपये की लागत से निर्मित मदनपुरा बेराज तालाब 110 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता, 195.93 लाख रूपये की लागत से निर्मित करण पुरा बैराज तालाब, 120 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता, तथा 1272.85 लाख रूपये की लागत से पूर्ण कर लिम्बोदा तालाब से 380 हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता रूपाकिंत की गई है।

सच संक्षेप

सर्वे के लिए दल गठित

देवास। कलेक्टर से चंद्रमौली शुक्ला ने देवास जिले में अतिवृष्टि/बाढ़/कीटव्याधि से प्रभावित फसलों, जनहानि, पशुहानि एवं मकान क्षति के सर्वेक्षण कार्य के लिए दल का गठन किया है। गठित दल में संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी नोडल अधिकारी रहेंगे, संबंधित तहसीलदार, नायब तहसीलदार दल प्रभारी रहेंगे तथा संबंधित पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, ग्रामीण उद्यानिकी विस्तार अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा कोटवार दल के सदस्य रहेंगे। गठित दल प्रभावित फसलों का सर्वेक्षण कर नियमानुकूल कार्यवाही पूर्ण करेंगे।

चोरी का एक और आरोपी गिरफ्तार

मंडीदीप। शहर के औद्योगिक क्षेत्र स्थित सीजी क्रॉप्टन फैक्ट्री में बीती 18- 19 अगस्त की रात करीब सात लाख कीमत का सामान चोरी हो गया था जिसमे आज सतलापुर पुलिस ने क्रॉप्टन कंपनी की चोरी के प्रकरण में फरार आरोपी बाबू उर्फ संदीप पिता मार्कंडेय गुप्ता शक्ति नगर निवासी मंडीदीप को गिरफ्तार किया। एक आरोपी जगदीश अब भी फरार है जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया की आरोपी के पास से लगभग पचास हजार रुपए का माल बरामद किया गया। उक्त आरोपी को सहायक उपनिरीक्षक जीएस ठाकुर, प्रधान आरक्षक जयप्रकाश, आरक्षक ओमप्रकाश द्वारा गिरफ्तार किया गया।

फिट इंडिया कार्यक्रम

पन्ना। नेहरू युवा केन्द्र कार्यालय पन्ना की जिला युवा समन्वयक गगनदीप कौर के निर्देशानुसार ग्राम मांझा में फिट इंडिया कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक यशपाल सिंह यादव एवं कृष्णा युवा मंडल मांझा के पदाधिकारी ने संकल्प लेते हुआ कहा कि स्वस्थ जीवन एवं फिट रहने के लिये हम अपने जीवन में योगा को अपनायेगें और दूसरों को भी योगा अपनाने के लिये प्रेरित करेंगें। फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत 15 अगस्त से 14 सितम्बर तक स्वस्थ रहने के लिये पीटी अभ्यास, दौड़ एवं योगाभ्यास निरंतर चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक यशपाल सिंह यादव, कृष्णा युवा मंडल के अध्यक्ष करन सिंह यादव, यादव युवा मंडल के अध्यक्ष संदीप सिंह यादव, विजय सिंह यादव, राधा कृष्णा युवा मंडल खजरी के अध्यक्ष जगदीश कोंदर का विशेष योगदान हैं।

स्वच्छता अभियान

पन्ना। शहर के बाईपास रोड में स्थित ऐतिहासिक कमला बाई के ताल में लगातार पैर पसार रही जल कुंभी को देखते हुए उक्त शिखर संघर्ष समिति संस्था के सदस्यों द्वारा 3 सितंबर 2020 से उक्त जलासय में स्वच्छता अभियान सुरू किया गया है। प्रथम दिन संस्था से सदस्यों ने स्वयं तालाब की जलकुंभी को निकाल कर तालाब के घाट को लोगों के नहाने योग्य बनाने की कोसिस सुरू की। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष शेख अंजाम, उपाध्यक्ष विनय सिंह राजपूत, बबलू कुशवाहा, अफ्जल हुसैन, राजेश श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, तौहीद खान एवं कई स्थानीय निवासी सामिल हुए।

जरूरतमंद को सहायता

पन्ना। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने स्वेच्छानुदान मद से एक जरूरतमंद को उपचार के लिए 25 हजार रुपये की सहायता दी है। अपर कलेक्टर जेपी धुर्वे ने बताया है कि लक्ष्मी पाण्डेय ग्राम तिघरा तहसील पवई जिला पन्ना को उपचार के लिए 25 हजार रूपये की सहायता दी गयी है।

क्षमा वाणी पर्व पर प्रवचन

विदिशा। भगवान महावीर स्वामी ने कहा है कि जियो और जीने दो और सभी जीवों को जीने का अधिकार दें। एक दूसरे पर परस्पर उपकार करो तभी विश्व में शांति आएगी। चाहे इंसान हो या जीव जंतु सभी ईश्वर के अंश हैं। सभी को जीने का अधिकार है। महावीर स्वामी ने सारी दुनिया को शांति का संदेश दिया है कि आपस में कोई मत भेद न हो। अनजाने में कि गई गलती की क्षमा मांगना हमारी परंपरा रही है। आज भी सारे विश्व में भगवान महावीर के अनुयायी हैं। यह बात श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय खरी फाटक रोड में ब्रह्मचारी प्रज्ञानंद ने क्षमा वाणी पर्व के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि जैन धर्म सुख और शांति की भावना पैदा करता है।

25 वर्षों से काबिज, लेकिन आज तक नहीं मिला पट्टा

सच संवाददाता ॥ बैतूल

आदिवासी कोरकू उन्नतशील समाज ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बोथी सिहार वनग्राम के निवासियों को पट्टा दिलाए जाने की मांग की है। समिति के अध्यक्ष चैतराम कास्देकर ने बताया इस संबंध में उन्होंने पूर्व में भी जिला प्रशासन को आवेदन प्रेषित किया था, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। श्री कास्देकर ने बताया कि बोथीसिहार के ग्रामीण लगभग 25 वर्ष से अपने परिवार के साथ वन भूमि पर काबिज होकर जीवन यापन कर रहे हैं। विगत 30 जून को संगठन ने ग्रामीणों के हित में जिला प्रशासन को आवेदन सौंपा था और पट्टा दिलाए जाने की मांग की थी। तत्कालीन सरकार द्वारा भी पट्टा दिया जा रहा है, लेकिन बोथी सिहार के ग्रामीण पट्टे के लाभ से वंचित है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यह ग्रामीण कच्चे मकान में रह कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं, बारिश के दिनों में जीव जंतु का खतरा बना रहता है, वहीं बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। इन सभी समस्याओं को देखते हुए उन्नतशील समाज ने जिला प्रशासन से ग्रामीणों को पट्टा दिलाए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में डी खुशराज सिंह, देवेंद्र सिंह, नत्थू बेठे, पुनासिंह धिकारे, मौजी कास्दे, मुंगीलाल कास्दे, शिवचंद दहीकर, गोकुल प्रसाद धिकारे, राजेंद्र, अर्पित आदि शामिल है।

हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग

मंडीदीप। शहर में शिवसेना कार्यकर्ताओं द्वारा मंडीदीप थाना प्रभारी श्री यादव को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में शिवसेना के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमेश साहू की मंगलवार को रात्रि में अज्ञात आरोपियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। शिवसेना शासन से मांग करती है कि हत्या करने वाले सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर फांसी कि सजा दी जाए। इस मौके पर शिवसेना जिला अध्यक्ष सत्यप्रकाश मिश्रा, सुनील शर्मा, दीपक जोगी, देवेन्द्र सिंह चौहान, दीपक खांबरा, राहुल ठाकरे सहित अनेक शिव सैनिक मौजूद थे।

बिजली कटौती से भर्ती मरीज परेशान

पन्ना। जिला चिकित्सालय पन्ना में व्यवस्थाओं के नाम पर आने वाला करोड़ों का बजट कब और किस कार्य में खर्च हो जाती है, किसी को पता ही नहीं चलता, जिससे जिला चिकित्सालय की समस्याएं समाप्त होने का नाम नहीं ले रहीं, वर्तमान में लगातार हो रही बिजली कटौती की वजह से जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को सर्वाधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गंभीर बीमारियों से ग्रसित एवं दुर्घटना या लड़ाई झगड़े में घायल मरीज भीषण उमस की वजह से बिजली गुल होते ही बिलबिला उठते हैं, ऐसे में मरीजों के परिजन कपड़े या कागज के टुकड़े से मरीज को राहत देने की नाकाम कोशिश करते देखे जाते हैं। मरीजों को हो रही समस्या को देखकर जिला चिकित्सालय प्रांगण में रखे लाखों रुपए कीमती इनवर्टर चालू नहीं किए जाते जिससे मरीजों के स्वास्थ्य में विपरीत असर पड़ता है। 3 सितंबर 2020 को दोपहर के वक्त भी अचानक बिजली गुल होने के बाद लगभग 2 घंटे बाद बिजली आई तब तक जिला चिकित्सालय के सर्जिकल वार्ड से लेकर बच्चा वार्ड एवं मेडिकल वार्ड तक के मरीजों को गर्मी से बेहाल देखा गया छोटे-छोटे बच्चों को उनकी माताएं हाथ से कपड़ा हिलाकर हवा देने की नाकाम कोशिश करते देखी गई, वहीं कुछ वृद्ध एवं घायल मरीज भी बेहाल देखे गए इनवर्टर के बारे में पूछने पर किसी के पास कोई जवाब नहीं था।

जिला चिकित्सालय परिसर के महिला शौचालय में ताला लगे होने की वजह से महिलाओं को नित्य क्रिया से निवृत्त होने पुरुष प्रसाधन में जाने को मजबूर होना पड़ रहा है, साथ ही प्रांगण के शौचालय में गंदगी और दुर्गंध की वजह से लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है। मरीजों के परिजनों के अनुसार अस्पताल परिसर की सफाई तो प्रतिदिन होती है पर शौचालय की सफाई में केमिकल का इस्तेमाल कभी कभार होता है अस्पताल प्रांगण की सफाई में झाड़ू के अलावा केवल फिनायल का पोछा लगाया जाता है। जिससे जिला चिकित्सालय के शौचालय की दुर्गंध से मरीज परेशान रहते हैं।

लोक सेवा केंद्र में दलाल सक्रिय

अजयगढ़। शासन द्वारा आम नागरिकों के शासकीय कार्यों की प्रक्रिया आसान करते हुए विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने एवं अन्य प्रक्रियाओं से भटकने से बचाने के लिए लोकसेवा केंद्र का संचालन शुरू किया गया है। जिले के अजयगढ़ तहसील मुख्यालय में स्थित लोक सेवा केंद्र में शासन के मंसूबों पर खुलेआम पानी फेरा जा रहा है। यहां आम आवेदक मुख्य खिड़की पर लाइन में खड़े देखे जा रहे हैं, और दलालों द्वारा पीछे की खिड़की से दस्तावेज पहुंचा कर आवेदन भरवाए जा रहे हैं जिसके लिए आवेदकों से रकम वसूली जाती है और आवेदन के बाद मूल प्रति वापस लेकर संबंधित अधिकारी के बाबू के पास पहुंचा कर कम समय में या हाथों हाथ काम करवाने का प्रलोभन दिया जाता है जिससे आवेदक जल्दी काम के चक्कर में मोटी रकम इन दलालों के हाथों में थमा रहे हैं।

मेरे द्वारा आज ही लोकसेवा केन्द्र का निरीक्षण किया जाएगा, और ऐसी लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

दीपक गौतम,
एसडीएम तहसीलदार अजयगढ़

कीचड़ में चलकर खेतों में पहुंचे कलेक्टर

वीरमपुरी गोस्वामी ॥ राजगढ़

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने वनाधिकार अधिनियम अन्तर्गत वनभूमि के पट्टे के संबंध में व्यावरा विकासखण्ड के अन्तर्गत दूरस्थ अंचल के ग्राम दलापुरा के समीप स्थित वनभूमि एवं राजस्व भूमि का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर वनमण्डल अधिकारी, एच.एस. मांझी, एस.डी.एम. संदीप अस्थाना, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, वनविभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारी साथ थे। कलेक्टर श्री सिंह ने कीचड़ में पैदल चलकर ग्राम दलापुर पहुँचे। रास्ते में उन्होने सोयाबीन फसल का भी अवलोकन किया। उन्होने ग्राम में प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही से प्राप्त किस्तों की जानकारी ली। वन भूमि के अवलोकन के दौरान नायब तहसीलदार सुताहिया द्वारा ग्राम की राजस्व एवं वन भूमि की सीमाओं की जानकारी दी।

विधायक ने सुनीं किसानों की समस्याएं

बैतूल। ताप्ती नदी पर अमृत योजना के तहत सात करोड़ की लागत से ताप्ती बैराज का निर्माण किया। गत दिनों बाढ़ के कारण बैराज का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बाढ़ के पानी से किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। विधायक निलय डागा ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त बैराज का जायजा लिया। साथ ही बाढ़ के कारण किसानों को हुए नुकसान की यथास्थिति देखी और किसानों को आश्वासन दिया कि वे इस घड़ी में उनके साथ खड़े है। मुजावजे को लेकर वे जिला प्रशासन से चर्चा करेंगे। ताप्ती बैराज का हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के साथ-साथ किसानों के खेतों की मिट्टी बह गई थी। फसल नष्ट हो गई थी। किसानों ने यह आरोप लगाया कि अभी तक कोई प्रशासनिक अधिकारी देखने मौके पर नहीं पहुंचे है, बैराज के घटिया निर्माण को लेकर भी विधायक ने नाराजगी जताई है।

वेबिनार आयोजित

पन्ना। भारत सरकार द्वारा जारी नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना द्वारा ऑनलाईन राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के 535 शिक्षाविदो ने सहभागिता की। कार्यक्रम महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर के कुलपति प्रो. टी.आर.थापक के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. एल.एल. कोरी अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा सागर संभाग सागर के सरंक्षण में आयोजित किया गया।

वन कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

बैतूल। वन कर्मियों पर हो रहे हमले के विरोध में मप्र वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ बैतूल ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर निंदा की है। ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में वनकर्मचारियों को अत्यंत विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। शासकीय कर्तव्य निर्वहन के दौरान जानलेवा हमले होना आमबात हो गई है। बुरहानपुर और दमोह जिले में अतिक्रमणकारियों द्वारा विभागीय अमले पर हथियारों से जानलेवा हमले किये गये। जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हुए है। कर्मचारी अपना कर्तव्य निर्वहन जान जोखिम में डालकर भी कर रहे है। अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाही न होने तथा अपराधियों को कई बार राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने से उनके हौंसले बुलंद होते जा रहे है। जिससे कर्मचारी बेबस लाचार प्रतीत हो रहे है। कर्मचारियों का मनोबल निरंतर गिरता जा रहा है। कर्मचारी अत्यंत अल्प वेतन भोगी होने के उपरांत भी दुर्गम साधनजीन क्षेत्रों में अकेले कार्यरत है। जिनके साथ कभी भी कोई दुर्घटना होना संभावित है। अफवाहों और पट्टे वितरण की चर्चाओं के कारण अतिक्रमण की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। कर्मचारियों को कार्रवाही के दौरान विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

नाला खोदने से रास्ता बंद

विदिशा। सांची रोड स्थित पातंजल योगवर्ती आश्रम के गेट के सामने नगरपालिका द्वारा बाढ़ का पानी निकालने के लिए नाला खोदा जा रहा है। इससे पातंजल योगवर्ती आश्रम तक आने-जाने का रास्ता ही बंद हो गया है। इस संबंध में आश्रम की संचालक योगनिष्ठ दीक्षानंद सरस्वती ने बताया कि हाल ही में बेतवा में आई बाढ़ का पानी आश्रम के आसपास भर गया है। इस कारण यहां पर पानी निकासी के लिए जो नाला खोदा जा रहा है, उससे उनके आश्रम के गेट के सामने अवरोध पैदा हो गया है। रास्ता भी बंद हो गया है। इस संबंध में नपाध्यक्ष मुकेश टंडन से भी शिकायत की गई है।

महाकाल मंदिर के 500 मीटर दायरे से 15 दिसंबर के पहले हटेगा अतिक्रमण

उज्जैन। महाकाल मंदिर के 500 मीटर दायरे में अतिक्रमण हटाए जाएंगे। कलेक्टर और एसपी को यह जिम्मेदारी दी है। अतिक्रमण हटा कर 15 दिसंबर के पहले सुप्रीम कोर्ट को रिपोर्ट देना होगी। महाकालेश्वर मंदिर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिशा निर्देश जारी किए। इसमें मंदिर के शिवलिंग को क्षरण से बचाने, मंदिर के स्ट्रक्चर और नागचंद्रेश्वर मंदिर के संरक्षण, मंदिर का पारंपरिक स्वरूप लौटाने और यहां होने वाले विकास कार्यों को लेकर निर्देश देने के साथ समय सीमा भी तय की है। सुप्रीम कोर्ट अब जनवरी 2021 के दूसरे सप्ताह में इस मामले में सुनवाई करेंगे। सुप्रीम कोर्ट फैसले को लेकर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कलेक्टर आशीष सिंह व प्रशासक एसएस रावत ने कहा कि कोर्ट के फैसले को मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में रखा जाएगा। विशेषज्ञ समिति के मार्गदर्शन में मंदिर में सुधार कार्य के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। कोर्ट ने एक्सपर्ट कमेटी को भी मंदिर का दौरा कर 15 दिसंबर तक रिपोर्ट देने को कहा है। कोर्ट ने सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट को भी मंदिर का निरीक्षण कर मंदिर के स्ट्रक्चर की सुरक्षा को लेकर 6 महीने में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके लिए केंद्र सरकार 41.30 लाख रुपए व्यय का भुगतान करेगी। कोर्ट ने स्मार्ट सिटी के मृदा प्रोजेक्ट के भाग-1 व 2 को विस्तृत रिपोर्ट 6 सप्ताह में देने को कहा है। मंदिर समिति मंदिर में मरम्मत, रखरखाव, सुधार के संबंध में 4 हफ्ते में प्लान तैयार कर करे और राज्य सरकार इसके लिए तुरंत राशि का बंदोबस्त करे। मंदिर परिसर से आधुनिक निर्माण हटाया जाए और इसकी रिपोर्ट 15 दिसंबर तक प्रस्तुत करें। मंदिर को मूल स्वरूप में लाने के लिए खराब पेंटिंग्स आदि हटाई जाए व 15 दिसंबर तक रिपोर्ट दें। एक्सपर्ट कमेटी वार्षिक सर्वेक्षण करे और इस न्यायालय को रिपोर्ट प्रस्तुत करे। मंदिर और सरकारी जमीन के अतिक्रमण हटेंगे मंदिर के 500 मीटर दायरे से अतिक्रमण हटाने के कोर्टके फैसले के बाद क्षेत्र के रहवासियों में खलबली है। प्रशासन इसके पहले मंदिर के आगे के हिस्सों के मकानों के अधिग्रहण की कार्रवाई कर चुका है।

प्रभावित फसलों का किया निरीक्षण

नागदा। महिदपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावित हुई फसलों निरीक्षण करने ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संदीप व्यास पहुंचे। उनके साथ ग्राम सेवक मनोज हेड़व और नरेंद्र जाट भी पहुंचे। ग्राम निंबोदिया कला में प्रभावित हुई फसलों की किसानों से जानकारी लेकर ग्राम सेवक को जल्द से जल्द फसलों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा व्यास ने ग्रामीणजनों को दिया। व्यास ने ग्राम सेवक को अगवत कराया कि इस बार फसलों पर इल्लियों का प्रकोप भी मंडरा रहा है। हालांकि बारिश थमने के बाद खेतों में खड़ी फसले अचानक सुखने से 70 प्रतिशत से अधिक फसलें प्रभावित हो चुकी है। इल्लियों के प्रकोप से बचाव के लिए ग्राम सेवक ने किसानों को किटनाशक छिड़काव करने की सलाह दी।

न्यायालय महेश अग्रवाल तहसीलदार छिन्दवाड़ा

:: इश्तहार ::

रा.प्र.क./अ-6/2019-20

मौजा : काराघाट

चूंकि आवेदक विजयकुमार पिता रामदयाल निवासी काराघाट तहसील व जिला छिन्दवाड़ा द्वारा मौजा काराघाट पटवारी हल्का नंबर 46 राजस्व निरीक्षक मंडल छिन्दवाड़ा-एक तहसील व जिला छिन्दवाड़ा स्थित भूमि खसरा नंबर 144/3 रकबा 0.680 है. भूमि के खातेदार पुनु पिता इंदल लोधी द्वारा आवेदक के पक्ष में किया गया वसीयत नामा के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः भूमि पर हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि मौजा काराघाट पटवारी हल्का नंबर 46 राजस्व निरीक्षक मंडल छिन्दवाड़ा-एक तहसील व जिला छिन्दवाड़ा स्थित भूमि खसरा नंबर 144/3 रकबा 0.680 है. भूमि पर आवेदक विजयकुमार पिता रामदयाल निवासी काराघाट तहसील व जिला छिन्दवाड़ा का वसीयतनामा के आधार पर नाम दर्ज किये जाने में यदि कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं या किसी अधिकृत अधिवक्ता अथवा मान्य अभिकर्ता के उपस्थित होकर इस न्यायालय में पेशी दिनांक 7-8-2020 तक प्रस्तुत करें। उक्त दिनांक तथा स्थान पर उपस्थित नहीं हो पाने की दशा में किसी भी दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24-7-2020 को मेरे हस्ताक्षर मय न्यायालय की मुद्रा के जारी किया गया।

तहसीलदार, छिन्दवाड़ा

कार्यालय नगर निगम, भोपाल

विद्युत शाखा, तत्पर पेट्रोल पंप के पास गोविंदपुरा बीएचईएल

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 338/वि.शा./2020 दिनांक 31.8.2020

निम्नलिखित कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार परसेंटेज/आयटम रेट मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है।

क्र.	ऑनलाइन टेण्डर नं.	कार्य स्थल का नाम	अनुमानित राशि	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र की कीमत	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य हेतु निर्धारित एसओआर	कार्य की अवधि
1.	2020-UAD-2019_UAD 104660_1	Supply of SV Lamp 70w, 150w 250w SV choke 70w 150w, 250w ignitor, Svholder 70w, 150w for stree ligty maintenance work	4464909/-	50,000/-	5000/-	Original Manufacturer of their authorized dealer having valid certificate	Non SOR item	1 Month

नियम व शर्तें-निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि, धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करने होंगे. समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है.

T.N.617/020/2021

नगर/यंत्री (वि.), नगर निगम भोपाल

WE WIN LIMITED
(Formerly Known as Surevin BPO Services Limited)
CIN: L74999MP2007PLC019623
206-207, 2nd Floor, Corporate Zone, C-21 Mall,
Hoshangabad Road, Misrod, Bhopal (M.P.) 462047

NOTICE OF 13th ANNUAL GENERAL MEETING AND BOOK CLOSURE

Notice is hereby given that the 13th Annual General Meeting (AGM) of the members of the company will be held on Wednesday, the 30th Day of September, 2020 at the Registered Office of the Company Situated at 206-207, 2nd Floor, Corporate Zone, C-21 Mall, Hoshangabad Road, Misrod, Bhopal (M.P.) 462047, at 11:00 A.M. to transact the business as set out in the notice convening the Annual General Meeting (AGM).

The copy of Notice of Annual General Meeting (along with Attendance Slip, Proxy Form and Route Map) dated 04th Day of September, 2020 has been sent to all the members by permitted mode. The same are also available at the website of the company at www.wewinlimited.com under investor tab for download by the members.

In pursuance of the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 and the Rules framed there under, as amended from time to time, the Company is exempted from giving the Members the facility to cast their vote electronically, through the remote e-voting services on the resolutions set forth in the Notice; however, voting through permitted mode under the Companies Act, 2013 will be allowed at the venue of the Meeting.

A person whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on 23rd September, 2020 only shall be entitled to vote at the AGM. The voting rights of member(s) shall be in proportion to their shares in the paid up equity share capital of the Company as on 23rd September, 2020.

Book Closure:-Pursuant to Section 91 of the Companies Act 2013 and Rules framed thereunder and Regulation 42 of SEBI (Listing and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 the Register of members and the Share Transfer Books of the Company will remain closed from **Thursday, 24th day of September, 2020 to Wednesday, 30th day of September, 2020 (both days inclusive)** for the purpose of this Meeting.

Place: Bhopal
Dated: 04/09/2020

By the order of the Board
Sd/-
Ashish Soni
(PAN: HCOPS6623A)
Company Secretary & Compliance Officer

BRIEFS

NEP online academic session 2020-21 from Sept 7

■ The online academic session to be held from 7 am to 10 am through educational programme broadcast at Doordarshan

■ Staff Reporter

VIEWING the aim of the New Education Policy to make students 'Global Citizen with National Objective and Goals' and NEP provisions amid unprecedented situation of COVID-19, the Madhya Pradesh Board of Secondary Education (MPBSE) has implemented new system of online teaching and online assessment trough mobile app and portal for the academic session 2020-21 which will commence from September 7.
According to the Madhya Pradesh Board of Secondary Education Chairman Radheshyam Julaniya, "The online academic session is going to be started from September 7 to be held from 7 am to 10 am through educational programme broadcast at Doordarshan channel. The audio-video lessons based on class wise subjects will be broadcasted online. Continuous evaluation of students will be done via home assignments. These home assignments will be compulsory for all students for further promotion. The students will be receiving these home assignments through Mashim app/portal. Mashim app/portal is prepared by the board where the students of high school and higher secondary along with the teachers have to enroll mandatorily. A meeting was also held in regards to the online academic session on Friday which was presided over by the Minister of school education Inder Singh Parmar.
The meeting was attended by 25 school principals. Minister Inder Singh Parmar described these online session and home assignments under the New Education Policy necessary.

Change of Name

I, Abhishek Singh Yadav, S/o No. 14835715M Hav/ MT Yadav Rajman Rambriksh residing at 17, Abhimanyu Row House, Near Ashwamegh society Naroda, Ahmedabad, Pin- 382330 have changed my name from **ABHISHEK SINGH YADAV to YADAV ABHISHEK RAJMAN** vide affidavit no. 152 dated 29, July 2020 before advocate / notary Ahmedabad, Gujrat.

Change of Name

I, Kale Rangnath Namdave, Army No. JC769056K, Rank SUB MAJ S/o NAMDAVE RAGHU KALE residing at Village & Post- Rameshwar, Tehsil & District Latur, Maharashtra, Pin-413511. This, in my Army record my son's name is mentioned as NAVNATH KALE which is not his complete and correct name. That, as per my son's aadhar card and other official documents his actual name is NAVNATH RANGNATH KALE which is his correct and complete name. That, both names NAVNATH KALE and NAVNATH RANGNATH KALE pertain to one and the same person.

SUDOKU SOLUTION

9	6	3	7	2	1	4	8	5
8	2	4	5	6	9	1	3	7
7	5	1	4	3	8	9	2	6
5	4	7	2	9	3	6	1	8
2	3	8	1	7	6	5	9	4
1	9	6	8	4	5	3	7	2
3	7	9	6	8	4	2	5	1
6	8	5	3	1	2	7	4	9
4	1	2	9	5	7	8	6	3

Health Deptt conducts fogging in areas

■ Thirty-six teams have been deployed to destroy the dengue larvae in different areas of the city

■ Staff Reporter

A TEAM of Health Department and that of Bhopal Municipal Corporation (BMC) conducted fogging in different areas to kill the dengue and malaria carrying mosquitoes.
On Friday, fogging was done in Arvind Vihar Colony and in Char Imli area of the State capital. Thirty-six teams have been deployed to destroy the dengue larvae in different areas of the city. So far, the team has surveyed and examined 1,357 houses. Larvae were found in 120 homes which were destroyed using Temephos.
Notably, Collector Avinash Lavania has directed the health department to ensure survey of malaria and dengue larvae in different areas of Bhopal, especially the slums.
He had instructed to conduct rapid tests for malaria, blood slide collection and to spread awareness on prevention of coronavirus. District Malaria Officer, Akhilesh Dubey told The Hitavada that a campaign is being organised for the prevention of malaria.
He added that special care has to be paid while taking blood plaque of a malaria patient.
Hand gloves and masks should be used while taking blood plaque and all the protocols issued in the wake of COVID-19 spread should be followed.

A BMC official fumigates near Char Imli area in Bhopal on Friday.

Finish process of adding beneficiaries' name at m-Rashan Mitra Portal, directs Collector

■ Staff Reporter

COLLECTOR Avinash Lavania, on Friday, has instructed all the sub-divisional magistrates and Tehsildars to finish the process of adding the names of beneficiaries to the eligibility list at the m-Rashan Mitra Portal.
The collector gave above orders under the Food Security Act and asked the officials to ensure that ration reaches to the Public Distribution System shops on time. Lavania said that problem of black marketing and hoarding of PDS ration should be resolved.
Collector Lavania directed the District Food Supply Officer Jyoti Shah Narwaria to expedite the process of adding names of the eligible beneficiaries to the list and avoid all negligence. He added that continuous monitoring of this work should be done so that only the eligible beneficiaries avail the benefits.
The collector also instructed that new families, who are yet to be registered on the portal should be registered only after their Aadhar card is seeded.
He said that instructions have been given to add such eligible beneficiaries on the M Ration Mitra App portal.
He told the zonal, junior supply officer of the BMC that apart from the families and members listed by NIC on m-Ration Mitra app portal, if any new member who is verified but not registered, can be registered using the Samagra ID. The collector has directed all the SDMs and Tehsildars to monitor the fair price shops in their areas so that the poor people and beneficiaries get the entire ration they deserve.

MPBSE announces class XII COVID special exams results, only 76 students pass

■ Staff Reporter

MADHYA Pradesh Board of Secondary Education (MPBSE) declared the results of higher secondary special examinations held for the students who could not appear in the main examinations (covid-19) 2020 due to the pandemic, on Thursday.
In these special examinations, total 154 students of higher secondary appeared and wrote the examinations. Among these, only 76 students have been passed. Meanwhile, 22 examinees have received supplementary in their examination.
The result of these special examinations can be viewed by the higher secondary students who appeared in those exam at the official website of the board www.mpbse.nic.in and www.MPonline.gov.in.
These special examinations were held for the students who were covid-19 infected, hone quarantined and also for the Divyang candidates, who couldn't get a chance to appear for the MP Board Higher Secondary Exam 2020 held earlier. All such students, were eligible to appear for the special exams and clear them without having to wait for an entire year. The examinations were held in between of August 17 to 21.
The special exams planned by the MPBSE were held amid strict covid-19 protocols to ensure safety of the students appeared for the exam as well as of teachers and staff members on duty. Examinees also appeared in the examinations by wearing safety face masks.

Communication helpline service started for corona patients

■ Staff Reporter

STUDENTS of BSSS and Bhopal Group of Information and Action have jointly started a communication helpline service for the COVID-19 patients and their relatives in hospitals.
Through this helpline contact can be established between COVID-19 patients and their relatives.
The services of the helpline can be availed from 8 am. to 8 pm. Contact can be established through phone or even video. Corona patients are rising in Bhopal and patients admitted to hospitals are unable to be in contact of their relatives.
This leads to mental tensions and other such problems. Apart from communication, the helpline is also providing counselling sessions to the patients. For critically ill patients, the helpline will extend co-operation to convey their last wishes to their relatives.
In case of the deceased, the helpline will provide necessary information to the family members with regards to collecting various important documents including the death certificate from the hospital.

RGPV to conduct ex-students exam from September 15

■ There are about 4,000 students who were failed in fifth or seventh semester

■ Staff Reporter

THOUSANDS of students took sigh of relief on Friday when Rajiv Gandhi Proudyogiki Vishwavidyalaya (RGPV) said to start BE, BTech, BPharma, MCA, MTech, MPharma and ME ex students and final semester regular, ex students theory examination to schedule from September 15.
Detailed time table of the exam and guidelines will be made available for students within two days. Students were worried about their back papers as university conducted exam for final year only. There are about four thousand students who were failed in fifth or seventh semester in few subjects. These students wish to apply for back paper examination so that they can appear for the next semester exam
Students said that they would not be eligible to get their degree without back paper exam. They said that they will not be eligible to get their degree even after passing the final semester as they have back paper in previous semesters. The university has released notification regarding the back paper exam on Friday which brought relief to the students. Officials said that they are preparing schedule of back paper and soon detail plan will be uploaded don portal. They said final semester exam was mandatory to be held in first slot to follow the guidelines of authorities. Remaining all exams will be begin from September 15.

Annual general conference of co-operative societies by year end

■ Staff Reporter

ANNUAL General Conference of Cooperative Societies will be held at the end of the fiscal year 2020 under the provisions of Section 49 of the Cooperative Act.
In spite of corona pandemic, the conference is being organised because there is no provision of giving any relaxation in the above mentioned act.
Commissioner of Cooperation and Registrar Cooperative Societies Ashish Saxena has instructe all the registered cooperative societies, deputy assistants and managing directors of cooperative societies that the annual conference of the cooperatives should be held on time. For this proper arrangement of social distancing, masks and of sanitisers should be ensured.
Along with this, seating arrangements should be made at the venue of the conference, ensuring adherence to all the COVID-19 guidelines. Saxena also instructed to make sure that the annual conference is being organised by obtaining necessary permission from the authority concerned and from the district collectors.

Registration of 14 co-operative institutes cancelled

THE cooperatives department, on Friday, cancelled the registration of 14 cooperative institutes.The deputy registrar of cooperatives department, Vinod Kumar Singh, issued orders for cancellation of registration of 14 cooperative societies under section 18 (1) of Madhya Pradesh Cooperative Societies Act 1960. Deputy registrar Singh has cancelled the registration of Janshakti Evam Rojgar Karmchari Sakh Sanstha Maryadit, Vardhman Mahila Prathmik Sehkari Upbhogta Bhandar Maryadit, Riya Mahila Prathmik Sehkari Upbhogta Bhandar Maryadit, Ma Ambe Prathmik Sehkari Upbhogts Bhandar Maryadit, Ma Laxmi Mahila Prathmik Sehkari Upbhogta Bhandar and of nine others.Bhandar and of nine others.

Kamal Nath demands CBI probe into substandard rice supply matter

FORMER Chief Minister Kamal Nath has said that case of distribution of poultry grade rice is not only limited till Balaghat and Mandla as there is apprehension that it may be spread in entire state. it is a big scam and should be handed over to CBI for investigation. He told it looks that government wants to hush up the case by diverting it.

Cane charge on youths protesting for jobs

Youths under the banner of Madhya Pradesh Yuva Berojgar Sangh demonstrated, demanding jobs in State capital on Friday.
To disperse the demonstrating youths, police resorted to cane charge. Madhya Pradesh Yuva Berojgar Sangh's AP Singh Rajawat told that youths were peacefully demonstrating, demanding jobs. However, police came and started cane charge, injuring even some demonstrating girls. Later many demonstrators were arrested. He said that constitution has provided the rights and whether it is crime to seek jobs. He demanded that government should start appointments on vacant posts in every department.

BRIEFS

Online exhibition 'Mandwa Gohari' organised at IGRMS

■ Staff Reporter

UNDER the online exhibition series of Indira Gandhi Rashtriya Manav Sangrahalaya (IGRMS),an exhibition from Gallery No. 4 of Veethi Sankul (Indoor Gallery) called 'Mandwa – Gohari', a display projecting the socio-religious life of the Bhil and Rathwa tribe of India was organised.
The gallery showcases the traditional life-style, tangible and intangible cultures of the Bhils, a prominent tribe living mainly in Madhya Pradesh, Gujarat, and Rajasthan Maharashtra. The exhibition displayed in this gallery shows their rich culture and traditions that they have maintained for centuries. Officer In charge of exhibition Rajendra Jharia further informed that It depicts various aspects of rituals related to the marriage ceremony and festivals performed by the community members on various occasions. In particular, the gallery showcases the beautiful art of Wall-reliefs depicting the scenes of Mandwa Gohri, Gol Gadhedo, Gathela Ancestor Puja, Bhil-Rathwa wedding pavilions, Shrine of Baba Dugar Devta, Ind Pooja and Pithora, etc. The gallery's impressive collection includes photographs taken by renowned photographer late Anandi Lal Pareek on the Jhabua Bhils about 60-70 years ago. The photographs depict various aspects of traditional Bhil lifeways, and it also provides a scintillating view of their dress, jewelry, and tattooing tradition. About 280 exhibits and 40 black and white photographs can be seen in this gallery.

BMC to develop C&D waste recycling plant in Dhuankheda

THE construction & demolition (C&D) waste recycling plant in Dhuankheda is about to be completed shortly .This plant is developed worth of Rs3.80 crores
The construction & demolition (C&D) waste recycling plant in is meant for recycled items such as recycled sand, stones, bricks and tiles. It is mandatory for ministry mandatory for all government departments to use at least 10-20% of recycled items in each building project, and the same being mandated by the C&D Waste Rules (2016).When various agencies dump tonnes of C&D waste mixed with plastic, twigs, rags and iron pieces at our plants, they hardly care how difficult it is to refine them and create usable products and for this now BMC is geared up to ensure C and D waste does not mix with other waste and can be utilised effectively. Bhopal Municipal Corporation (BMC) Commissioner KV S Chaudhary inspected the site and gave directions to officials to complete the construction within stipulated time frame . A waste transfer station is also being developed art Dhuankheda which will facilitate to transport segregated waste from suburbs to Kolar waste transfer station directly . Waste transfer station at Dhuankheda is expected to be completed by September 8.

BMC to develop more compost units

BHOPAL Municipal Corporation (BMC) team has resumed its activities to develop compost units in city parks. On Friday officials reviewed additional compost unit and waste segregation unit will be developed at Adampur Chawni land fill site. Bhopal Municipal Corporation is doing every effort for constructing a road out of plastic waste to curb environment pollution due to plastic. Instructions have been given to officials to ensure conversion of green waste into compost in the areas where it gets generated. According to current practice, the green waste also reaches the garbage dumping ground for disposal.The areas such as residents' welfare associations, marriage halls, parks and hotels will have the units meant for converting the waste into compost. The conversion of the waste into compost will not only prevent filth from accumulating at the dumping site but will also save BMC's labour and transportation cost. For installation of the compost unit as many as 350 spots have been identified where compost units can be set up and Compost units have already been installed at many places .BMC is focusing on ensuring waste segregation at the initial level so that the green waste can be used as compost, which can either be sold out or be used by the units in areas where it was created.

Students to have audio-visual chapters on Doordarshan

VIEWING the unprecedented COVID-19, the students of high school and higher secondary of Government schools will learn their subjects through audio-visual chapters that will be broadcasted on Doordarshan under the New Education Policy 2020 provisions in the academic session 2020-21.
As the schools are remained shut in this given pandemic, thus, the students who are continuing their studies at homes will learn their lessons of subjects as per the online academic session curriculum of NEP 2020.
Details of the session will also be available on the Mashim App/portal for the access of the students and teachers. As these days, the students are already receiving education through online materials and through broadcast of educational programmes but now they will be getting education as per the new provisions of the policy.
Under this policy, the registered students on Masim App will receive home assignments which they will have to complete it at homes and submit it by uploading it on the app itself. Each subject has been divided into ten units and accordingly home assignments will be given to the students. The assignment will be given deadline for submission and will be mandatory for the students.

WE WIN LIMITED
(Formerly Known as Surevin BPO Services Limited)
CIN: L74999MP2007PLC019623
206-207, 2nd Floor, Corporate Zone, C-21 Mall,
Hoshangabad Road, Misrod, Bhopal (M.P.) 462047
NOTICE OF 13th ANNUAL GENERAL MEETING AND BOOK CLOSURE

Notice is hereby given that the 13th Annual General Meeting (AGM) of the members of the company will be held on Wednesday, the 30th Day of September, 2020 at the Registered Office of the Company Situated at 206-207, 2nd Floor, Corporate Zone, C-21 Mall, Hoshangabad Road, Misrod, Bhopal (M.P.) 462047, at 11:00 A.M. to transact the business as set out in the notice convening the Annual General Meeting (AGM).
The copy of Notice of Annual General Meeting (along with Attendance Slip, Proxy Form and Route Map) dated 04th Day of September, 2020 has been sent to all the members by permitted mode. The same are also available at the website of the company at **www.wewinlimited.com** under investor tab for download by the members.
In pursuance of the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 and the Rules framed there under, as amended from time to time, the Company is exempted from giving the Members the facility to cast their vote electronically, through the remote e-voting services on the resolutions set forth in the Notice; however, voting through permitted mode under the Companies Act, 2013 will be allowed at the venue of the Meeting.
A person whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on 23rd September, 2020 only shall be entitled to vote at the AGM. The voting rights of member(s) shall be in proportion to their shares in the paid up equity share capital of the Company as on 23rd September, 2020.
Book Closure:-Pursuant to Section 91 of the Companies Act 2013 and Rules framed thereunder and Regulation 42 of SEBI (Listing and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 the Register of members and the Share Transfer Books of the Company will remain closed from **Thursday, 24th day of September, 2020 to Wednesday, 30th day of September, 2020 (both days inclusive)** for the purpose of this Meeting.
Place: Bhopal
Dated: 04/09/2020
By the order of the Board
Sd/-
Ashish Soni
(PAN: HCOPS6623A)
Company Secretary & Compliance Officer